चित्रकूट नि.प्र. 13 नवम्बर 2017। विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के द्वारा एक जनजागरण विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली को श्रीमती बिलोनी बेन मफतलाल, सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा0 बी0 के0 जैन, नेत्र चिकित्सालय के अधीक्षक डा0 आलाक सेन, जानकीकुण्ड चिकित्सालय के अधीक्षक डा0 ए0वी0एस0 राजपूत एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली को सम्बोधित करते हुये नेत्र विशेषज्ञ डा0 आशीष मित्रा ने बताया कि मधुमेह एक खतरनाक बीमारी है यह मनुष्य के किसी भी महत्वपर्ण अंग को खराब कर सकती है। इसीलिये इसे साइलेंट किलर भी कहा गया है। इस बीमारी से बचने के लिये उचित दवायें, आहार, व्यवहार, खानपान में परहेज एवं योगाशन, प्राणायाम आदि से ठीक करना चाहिये। रैली का मुख्य उद्वेश्य लोगों को इस रोग के बारे में जागरुक करना एवं बचाव के तरीकों को बताना है। क्यों कि आज के व्यस्त जीवन में लोगों को पता नहीं चलता और जब तक पता चलता है तब तक लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। शरीर में मधुमेह की मात्रा बढने से अंग–प्रत्यंग इतने खराब हो जाते हैं कि उन्हे ठीक कर पाना मुश्किल हो जाता है। रैली में डा0 जैन ने कहा कि हम लोग एक दिन इस तरह के दिवसों को मना कर याद कर लेते हैं इससे काम नहीं चलेगा। इस ओर सतत प्रयास जरूरी है। रैली में हजारों लोगों की भीड थी।